पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल की अध्यक्षता में महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के कार्य परिषद की बैठक सम्पन्न

राज्यपाल ने बैठक में विश्वविद्यालय की आगामी योजनाओं, विकास कार्यों व शैक्षिक सुधारों पर चर्चा कर आवश्यक कदम उठाने पर दिया जोर

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर और कक्षाओं में सी0सी0टी0वी0 लगाने के दिए निर्देश

छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उपस्थिति मानक निर्धारित करने के दिये निर्देश

विश्वविद्यालय के संसाधनों का शत प्रतिशत सदुपयोग करने पर दिया जोर

छात्र-छात्राओं के लिए हास्टल में वॉशिंग मशीन उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधार के लिए पी0डब्लू0डी0 को दिया निर्देश

<u>साइकिल यात्रा के दौरान ग्राम पंचायतों में जागरूकता सभाओं का आयोजन करें अध्यापक व विद्यार्थी</u>

-राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 11 मार्च, 2025

प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के सभागार में विश्वविद्यालय की कार्य परिषद के सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में विश्वविद्यालय की आगामी योजनाओं और विकास कार्यों पर चर्चा की गई, ताकि शिक्षा के स्तर को और ऊँचा किया जा सके और छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर शैक्षिक अवसर प्रदान किए जा सकें। बैठक में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक और शैक्षिक सुधारों के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी जोर दिया गया। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति के संबंध में एक प्रस्तुतीकरण दिया गया।

बैठक में राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय परिसर एवं कक्षाओं में सी0सी0टी0वी0 लगाने के निर्देश और उसकी मानीटरिंग करने, इसके लिए कन्ट्रोल सर्वर बनाने, कन्ट्रोल सर्वर का भी प्रॉपर तरीके से मानीटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में जो छात्र/छात्राएं पढ़ने आते हैं, यदि उनकी कोई भी समस्या हो तो, उसका तत्काल संज्ञान लेकर निराकरण करायें। उन्होंने निर्देश दिया कि छात्र/छात्राओं के पंजीकरण के सापेक्ष उनकी उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करायें। छात्र/छात्राओं के उपस्थिति का मानक निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि छात्र/छात्राओं की उपस्थिति पंजिका एवं कक्षा में लगाए गए सी0सी0टी0वी0 के डाटा से उपस्थिति की क्रॉस चेकिंग करायें। उन्होने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे कक्षाओं की कुलपति नियमित मानीटरिंग करते रहें व छात्र/छात्राओं को पढ़ने हेतु प्रेरित भी करें। उन्होंने कहा कि छात्र/छात्राओं की कक्षा में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने हेतु कक्षा प्रारम्भ होने से पहले प्रार्थना करायी जाये, जिसमें छात्र/छात्राओं सहित समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहें। यदि कोई छात्र प्रार्थना सभा में अनुपस्थित रहता है, तो उससे अनुपस्थिति का कारण जानकर उसका निराकरण करायें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के पास जो भी संसाधन उपलब्ध हैं, उसका शत्-प्रतिशत सदुपयोग किया जाए।

राज्यपाल जी ने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास, स्वच्छता, हास्टल, लाइब्रेरी से संबंधित कार्यों को जिम्मेदारी पूर्वक किया जाये। कुलपति द्वारा बताया गया कि 31 मार्च से साइकिल यात्रा प्रारम्भ होने वाली है, जिसकी तैयारी कराई जा चुकी है। जिस पर राज्यपाल जी ने कहा कि यह

साइकिल यात्रा जिन-जिन ग्राम पंचायतों से होकर जायेगी, उन संबंधित ग्राम पंचायतों में सभा कराई जाए, सभा में उपस्थित लोगों को दहेज प्रथा, बाल विवाह, आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत के बारे में बताया जाय। उन्होंने कहा कि हास्टल शुरू होते ही छात्र/छात्राओं के लिए वॉशिंग मशीन उपलब्ध करा दिया जाय।

इसी के साथ ही कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के इन्फ्रास्ट्रक्चर से संबंधित कठिनाइयों से अवगत कराया गया। जिस पर जी द्वारा पी0डब्लू0डी0 व संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिये कि कुलपति द्वारा बतायी गयी कमियों को 30 दिन के अन्दर यथाशीघ्र ठीक कराया जाय। राज्यपाल जी द्वारा कुलपति, रजिस्ट्रार व ई0सी0 के सदस्यों से कहा कि आप सभी लोग कमिटमेंट करते हुए टीम भावना के साथ इस विश्वविद्यालय को आगे बढ़ायें।

इससे पूर्व राज्यपाल जी द्वारा महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ में स्थित एकेडमिक ब्लाक-1 एवं पीजी स्तर के आर्टसाइड में इतिहास, भूगोल, हिन्दी व कामर्स की चल रही कक्षाओं का बारी-बारी से निरीक्षण किया गया व एकेडमिक ब्लाक-2 में पी0जी0 स्तर के विज्ञान वर्ग में कम्प्यूटर साइंस व फिजिक्स, मैथ की चल रही कक्षाओं का भी निरीक्षण किया गया।

राज्यपाल जी ने कक्षाओं में पढ़ा रहे अध्यापकों से जानकारी प्राप्त किया कि कितने छात्र कक्षा में पढ़ रहे हैं और किस विषय की पढ़ाई की जा रही है। उन्होंने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर बल दिया। उन्होंने प्रशासनिक भवन में छात्र/छात्राओं के पठन-पाठन हेतु स्थापित केन्द्रीय पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल जी ने कहा कि लाइब्रेरी में छात्रों के जो रीसर्च चल रहे हैं, उनसे संबंधित विषयों की किताबें रखी जाए।

बैठक में मण्डलायुक्त श्री विवेक, डी0आई0जी0 श्री सुनील कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल, पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना, मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना, कुलपति महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ प्रो0 संजीव कुमार, रजिस्ट्रार श्री विशेश्वर प्रसाद, ई0सी0 के सदस्य सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संपर्क सूत्र:
डॉ0 संगीता चौधरी
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080

CODE-501